मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 अंक : 159 गुरुवार 11 सितंबर 2025 3 रुपए पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

'बिग बॉस' में सलमान की सुरक्षा और सख्त

# उल्हासनगर में शनिवार को एक दिवसीय अभय योजना

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले के मार्गदर्शन में मनपा ने शनिवार (13) को एक दिवसीय अभय योजना लागू की है। इस योजना के तहत, कुल राशि का भुगतान करने पर संपत्ति कर राशि पर 100 प्रतिशत ब्याज माफ किया जाएगा, यह जानकारी संपत्ति कर विभाग की उपायुक्त विशाखा मोटघरे ने दी।

पिछले साल, संपत्ति कर 126 करोड़ रुपये का संग्रह किया गया था। यह उपलब्धि कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम द्वारा तत्कालीन आयुक्त अजीज शेख, विकास ढाकने और आयुक्त मनीषा आव्हाले, तत्कालीन अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में हासिल की गई थी। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए, इस साल अगस्त में संपत्ति कर की कुल राशि पर 5 प्रतिशत छूट की राहत योजना लागू की गई थी।



आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेशानुसार, अपर आयुक्त किशोर गवस के मार्गदर्शन में उपायुक्त विशाखा मोटघरे, कर निर्धारणकर्ता व कलेक्टर मयूरी कदम, उपकर निर्धारणकर्ता व कलेक्टर नितेश रंगारी ने इस योजना को क्रियान्वित किया। इस योजना से 17 करोड़ रुपए की वसूली हुई है। 5 प्रतिशत अवकाश योजना को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। साथ ही, शनिवार को एक दिन की अभय योजना से कितनी वसूली होगी, इस पर भी मनपा ध्यान दे रही है।

# क्या ठाणे जिले में टूट जाएगा महागठबंधन?

## भाजपा की 4 महापौर बनाने की रणनीति

## भाजपा व शिवसेना युति बनाने की मूड में नहीं

### ■ मनपा चुनाव की तैयारी में जुटे भाजपा व शिवसेना

**कल्याण.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने संकेत दिया है कि स्थानीय राजनीतिक स्थिति के आधार पर वे मनपा चुनाव अलग-अलग लड़ेंगे। जिसके बाद ठाणे जिले में महागठबंधन टूटने की प्रबल आशंका है. भाजपा के पास छह में से कम से कम चार महापौर बनाने के लिए मनपा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। शिवसेना शिंदे गुट भी महायुति में चुनाव लड़ने को लेकर बहुत उत्सुक नहीं है। इसलिए, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अजित पवार गुट इस दुविधा में फंस गया है कि वह किस सहयोगी के साथ अपना अस्तित्व बचा पाएगा। महायुति को राज्य विधानसभा चुनावों में अभूतपूर्व सफलता मिली है। लेकिन महागठबंधन में सब कुछ ठीक-ठाक है, ऐसी कोई तस्वीर नहीं है। राज्य में भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट दोनों ने दावा करना शुरू कर दिया है कि महानगरपालिकाओं में हम बड़े भाई हैं।



एनसीपी-अजित पवार गुट के गठबंधन में शामिल होने से स्थानीय भाजपा नेता चिंतित हैं कि आगामी महानगरपालिका, जिला परिषद और पंचायत समिति सीट आवंटन में उन्हें दूसरे नंबर पर रखा जाएगा और पार्टी को आगे बढ़ाने का अवसर नहीं मिलेगा। मुंबई और ठाणे जैसे जिलों में शिंदे की शिवसेना बार-बार दावा कर रही है कि वह बड़ा भाई है।

ठाणे जिले में छह महानगरपालिका, दो नगर पालिकाएं, एक जिला परिषद और दो नगर पंचायतें हैं। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे मनपा पर पिछले 30 वर्षों से शिवसेना का भगवा परचम लहरा रहा है और उसके 80 से अधिक पार्षद हैं। भाजपा विधायक संजय केलकर और वन मंत्री गणेश नाईक ने पार्टी से स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का आग्रह किया है, क्योंकि ठाणे में चुनाव लड़ने से पार्टी के विकास में बाधा उत्पन्न होने की संभावना है। इसी बीच, नवी मुंबई मनपा में भाजपा के वन मंत्री गणेश नाईक की एकतरफा सत्ता के कारण शिवसेना दुविधा का सामना कर रही है। मीरा भायंदर मनपा में भी राजनीतिक स्थिति ऐसी ही है और चूंकि वहां एकछत्र सत्ता है, इसलिए भाजपा को शिवसेना के दबाव की जरूरत नहीं है, जो भाजपा के लिए एक सकारात्मक तस्वीर है। मीरा भायंदर में शिवसेना के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक और भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता के बीच वर्चस्व की लड़ाई देखने को मिल रही है।



भिवंडी मनपा में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी का वर्चस्व है और शिवसेना-भाजपा को कड़ी टक्कर मिल रही है। अंबरनाथ और बदलापुर नगर पालिका में शिवसेना का दबदबा है. बदलापुर में गठबंधन की संभावना कम है, क्योंकि भाजपा विधायक किसन कथोरे और शिवसेना नेता वामन म्हात्रे के बीच मतभेद जारी है।

मुरबाड नगर पंचायत में भाजपा सत्ता में है, जबकि शाहपुर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का दबदबा है। कुल मिलाकर, ठाणे जिले में महायुति निर्णायक बिंदु पर पहुंच गई है, क्योंकि स्थानीय नेता मुख्यमंत्री फडणवीस और राज्य नेतृत्व को यह समझा रहे हैं कि आत्मनिर्भरता का नारा देना ठाणे जिले में भाजपा के विस्तार के लिए उपयोगी है और गठबंधन बनने पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भी मजबूत हो जाएंगे।

### कल्याण में सत्ता हथियाने का भाजपा को अवसर

कल्याण-डोंबिवली मनपा में यद्यपि शिवसेना सत्ता में है, लेकिन भाजपा की भी उतनी ही ताकत है। यहां तक कि जब राज्य में गठबंधन था, तब भी शिवसेना के 53 और भाजपा के 43 पार्षद स्वतंत्र रूप से चुने गए थे। उस समय, चुनाव प्रचार में फडणवीस सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे के अपने पद से इस्तीफा देने की चर्चा जोरों पर थी। कांग्रेस और राकांपा से मनसे अधिक मजबूत है। शिवसेना में विभाजन ने नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण को कल्याण में सत्ता हथियाने का एक बड़ा अवसर दे दिया है। इसके लिए पिछले चुनाव की तरह स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

### उल्हासनगर का गणित

पूर्व विधायक पप्पू कालानी के बेटे ओमी कालानी की मदद से भाजपा ने 2017 में उल्हासनगर मनपा में सत्ता हासिल की थी। हालांकि, शिवसेना ने अपनी योजना को पलट दिया और उसी कालानी की मदद से उल्हासनगर महानगर पालिका में फिर से भगवा फहराया। अब जबकि शिवसेना विभाजित हो गई है, भाजपा नेता यह आकलन कर रहे हैं कि नवी मुंबई, मीरा भयंदर और कल्याण-डोंबिवली नगर निगमों के बाद उल्हासनगर में भाजपा के लिए चौथा महापौर बनाने का अवसर है। लेकिन उनका गणित शिवसेना व टीओके बिगाड़ रहे हैं।

# अंबरनाथ नेताजी बाजार की नाली में नवजात अर्भक मिला

## पुलिस ने किया अज्ञात महिला पर अपराध दर्ज



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नेताजी मार्केट विमको नाका की एक नाली में नवजात अर्भक को फेंकने वाली महिला पर अपराध दर्ज कर लिया गया है. 9 सितंबर को सुबह एक निवासी शौच को जा रहा था कि उसे नाली में ये नवजात अर्भक पड़ा हुआ दिखाई दिया था. जिसे देखने के लिए परिसर के लोगों की भीड़ जमा हो गई थी. पुलिस के अनुसार ये नवजात नर है, जो नेताजी मार्केट ग्राउंड के पास के निवासी अशोक मेहरा के घर के सामने नाली में मिला है. दर्ज किए गए अपराध के अनुसार अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के बीट मार्शल 01 को नेताजी मार्केट की नाली में अर्भक फेंके जाने की खबर मिलने के बाद वह घटना स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की तो पता चला कि किसी अज्ञात महिला ने ये अर्भक उसके जन्म को छुपाने के लिए नाली में फेंका है. महिला पुलिस उप निरीक्षक कमल ठाकरे मामले की जांच कर रही है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कहीं आसपास के निवासियों में से किसी महिला अथवा नेताजी मार्केट मैदान में चल रहे स्टेडियम निर्माण कार्य कर रहे किसी मजदूर ने तो ये अर्भक नहीं फेंका है. ये अर्भक 5 या 6 महिने का हो सकता है. जिसको इस दुनिया में कदम रखने से पहले ही मार दिया गया.

# उल्हासनगर में मनपा की जन जागरूकता रैली

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर की सड़कों पर रंगारंग जन जागरूकता रैली देखने को मिली। सेवा सदन कॉलेज से नेहरू चौक तक निकाली गई इस भव्य रैली में विद्यार्थियों का उत्साह, महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी और श्री गणेश के चरित्र द्वारा दिए गए प्रभावी संदेश ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता की एक नई लहर पैदा कर दी। प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरा पृथक्करण और स्वच्छता के महत्व का संदेश सीधे नागरिकों तक पहुँचाने वाली यह रैली उल्हासनगर के लोगों के लिए प्रेरणादायी साबित हुई।



मनपा के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवा सदन कॉलेज से नेहरू चौक तक एक भव्य जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली ने शहर में उत्साह का माहौल बनाया और नागरिकों के बीच पर्यावरण-हितैषी गतिविधियों का एक सकारात्मक संदेश फैलाने में सफल रही। यह रैली आयुक्त मनीषा आव्हाले की संकल्पना के साथ-साथ अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस और उपायुक्त (स्वास्थ्य) विशाखा मोटघरे के मार्गदर्शन में आयोजित की गई।

जन स्वास्थ्य अधिकारी मनीष हिवरे, मुख्य बाजार निरीक्षक विनोद केणे और मुख्य स्वच्छता निरीक्षक एकनाथ पवार ने इस पहल के सफल आयोजन की पहल की। अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान और ओरियन कंस्ट्रक्शन्स ने मनपा के इस अभियान में सहयोग किया। उल्लेखनीय है कि सेवा सदन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई और महिला स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में रैली में भाग लिया और जागरूकता पैदा की। मनपा पहले भी विभिन्न पहलों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करता रहा है।

### घर पर गीला और सूखा कचरा अलग करें

विद्यार्थियों के नारे, महिलाओं के बोर्ड पर लिखे संदेश और नागरिकों की स्वस्फूर्त भागीदारी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता की एक नई ऊर्जा का संचार किया। रैली के दौरान प्लास्टिक की थैलियों और वस्तुओं का उपयोग बंद करें, कपड़े के थैलों का उपयोग करें, घर पर गीला और सूखा कचरा अलग करें जैसे स्पष्ट और सीधे नारों से नागरिकों को जागरूक किया गया। इसके अलावा, श्रीगणेश के चरित्र द्वारा दिया गया मार्गदर्शन रैली का विशेष आकर्षण रहा। श्रीगणेश के वेश में सजे स्वयंसेवकों ने नागरिकों और व्यापारियों से सीधे अपील की कि पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक का त्याग और कचरे का प्रबंधन करना सभी की ज़िम्मेदारी है। इस भव्य पहल से जहाँ नागरिकों को जागरूक करने में मदद मिली, वहीं उन्होंने प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल उल्हासनगर बनाने का दृढ़ संकल्प भी लिया।

# मनपा के बिजली ठेकेदार के टेंपो की टक्कर में एक बुजुर्ग महिला की मौत

**कल्याण.** डोंबिवली पूर्व के छेड़ा रोड पर स्ट्रीट लाइट ठीक कर रहे एक टेंपो चालक ने मंगलवार शाम एक 75 वर्षीय महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रामनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश जवादवाड़ ने बताया कि इस संबंध में टेंपो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



टेंपो दुर्घटना में मरने वाली बुजुर्ग महिला का नाम तृप्ति म्हस्कर (75) है। कल्याण डोंबिवली मनपा ने डोंबिवली में स्ट्रीट लाइट ठीक करने का काम एक निजी ठेकेदार को दिया था। मंगलवार शाम 6 बजे टेंपो मज़दूरों के साथ छेड़ा रोड पर जा रहा था। इस समय, तृप्ति म्हस्कर सड़क के बाईं ओर बाज़ार में टहल रही थीं। बिजली ठेकेदार का टेंपो चालक सड़क पर सीधी गति से जा रहा था, तभी तृप्ति म्हस्कर को टेंपो चालक के टेंपो ने अचानक टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह ज़मीन पर गिर गईं। टेंपो के ज़ोर से गंभीर रूप से घायल हुईं तृप्ति म्हस्कर की इलाज के दौरान मौत हो गई। रामनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुँची। पुलिस ने टेंपो चालक को टेंपो सहित हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ रामनगर थाने में मामला दर्ज किया गया। उसके बाद, चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# टिटवाला के कालू नदी में दो बहनें डूबीं

**कल्याण.** टिटवाला-मांडा पश्चिम के वासुंद्री रोड इलाके में रहने वाली दो बहनें कपड़े धोने के लिए कालू नदी शिव मंदिर के किनारे गई थीं, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण दोनों बहनें पानी में डूब गईं। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पहले, दोनों बहनों ने नदी के पानी में कपड़े धोते हुए अपना एक वीडियो बनाया था। यह वीडियो उनके जीवन का आखिरी वीडियो बन गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, टिटवाला-मांडा पश्चिम के वासुंद्री रोड इलाके के गणेश नगर की दो बहनें मंगलवार दोपहर करीब 2:15 बजे पास की कालू नदी में कपड़े धोने गई थीं। दोपहर के समय नदी का जलस्तर बढ़ गया और बढ़ते जलस्तर के कारण कपड़े धो रही दोनों बहनें नदी में डूब गईं।

घटना की सूचना मिलते ही टिटवाला पुलिस मौके पर पहुँची और केडीएमसी दमकल को बुलाया। दमकल की टीम ने तुरंत नदी में डूबी लड़कियों तलाश शुरू कर दी। दो घंटे की अथक मेहनत के बाद, 18 वर्षीय रिया अंसारी का

# आसनगांव दुर्घटना में तीसरा शव मिला

**ठाणे.** शुक्रवार की शाम को आसनगांव के पास मुंडेवाड़ी में भारंगी नदी में 3 युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई थी. शहापुर पुलिस के मार्गदर्शन में लाइफगार्ड टीम के तलाशी अभियान के दौरान दुर्घटना वाले दिन ही प्रतीक मुंडे (23) का शव बरामद हुआ था जबकि दत्ता लोटे (30) का शव अगले दिन रविवार 7 सितंबर की सुबह मिला. लेकिन तीसरे व्यक्ति कुलदीप जाखेर (32) की तलाश जारी थी. अंततः, लाइफगार्ड टीम के अथक प्रयास और लाइफगार्ड टीम एवं ग्रामीणों की मदद से, भारंगी नदी के तल से बह गए कुलदीप जाखिरे (32) का शव पाया गया.

# उल्हासनगर में 50 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई

### ■ कैंप 4-5 में चलाया गया अभियान

**उल्हासनगर.** यातायात पुलिस विभाग ने उल्हासनगर की सड़कों पर सख्त कार्रवाई की है. शहर में अव्यवस्थित और नो पार्किंग क्षेत्रों में खड़े वाहनों के खिलाफ सीधी कार्रवाई की गई और 50 से अधिक वाहनों के ऑनलाइन चालान काटे गए।

उल्हासनगर शहर की सड़कों पर अनियंत्रित पार्किंग से बढ़ते यातायात भार और अव्यवस्था को रोकने के लिए, उल्हासनगर यातायात पुलिस ने कैंप 4 और 5 क्षेत्रों में कार्रवाई अभियान चलाया।



इस अभियान के दौरान, पुलिस ने गाउन बाजार और आसपास के इलाकों की भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर नो पार्किंग क्षेत्रों में खड़े वाहनों की पहचान की और कार्रवाई शुरू की। इस अभियान में 50 से अधिक वाहनों के खिलाफ ऑनलाइन चालान काटे गए। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई, चाहे वे आम नागरिक हों या सरकारी वाहन, किसी को भी कोई छूट नहीं दी गई।

इस दौरान एक दिलचस्प घटना घटी। कैंप 5 के गाउन बाजार में महावितरण का बोर्ड लगा एक सरकारी वाहन भी नो पार्किंग जोन में खड़ा था। यातायात पुलिस ने नियम तोड़ रहे इस वाहन को जाने नहीं दिया और तुरंत चालान काट दिया। यातायात विभाग के अधिकारियों की जानकारी के अनुसार, P1 और P2 के पार्किंग नियमों का उल्लंघन कर अव्यवस्थित तरीके से वाहन पार्क करने वालों पर विशेष ध्यान दिया गया। अगर नागरिक पार्किंग नियमों का पालन नहीं करते हैं, तो ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं का खतरा और आपातकालीन स्थितियों में कठिनाइयां पैदा होती हैं। इसीलिए यह सख्त अभियान लागू किया गया. इस कार्रवाई से नो पार्किंग में वाहन पार्क करने वाले वाहन चालकों को सबक मिला है। पुलिस की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि 'पार्किंग नियमों का पालन करें, अन्यथा जुर्माने के लिए तैयार रहें'।

# चेन स्नैचरों का अंतरराज्यीय गिरोह गिरफ्तार

### ■ तीन शातिर अपराधी गिरफ्तार

### ■ एक रिवॉल्वर, 4 कारतूस और 3.80 लाख के गहने जब्त

**कल्याण.** सड़क पर अकेली चल रही बुजुर्ग महिलाओं के सोने के गहने लूटने वाले उत्तर प्रदेश के तीन शातिर चोरों को रामनगर पुलिस स्टेशन की एक विशेष टीम ने गिरफ्तार किया है। कल्याण परिमंडल 3 के पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने बताया कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इन चोरों के पास से एक रिवॉल्वर, चार ज़िंदा कारतूस और 3.80 लाख रुपये के सोने के गहने जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों के नाम अभय सुनील गुप्ता (उम्र 21), अभिषेक ओमप्रकाश जौहरी (उम्र 32), अर्पित उर्फ प्रशांत शुक्ला (उम्र 27) हैं।



पिछले महीने से, बुजुर्ग और वरिष्ठ नागरिक महिलाओं से सोने के मंगलसूत्र और सोने की चेन लूटने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। पिछले हफ्ते, कंचनगांव, ठाकुर्ली 90 फीट रोड स्थित चामुंडा गार्डन सोसाइटी निवासी थंकमणि नायर (उम्र 65), शाम को एक दुकान से कुछ सामान लेकर पैदल घर जा रही थीं। जैसे ही वह सोसाइटी के प्रवेश द्वार पर पहुँचीं, एक बाइक सवार चोरों ने उनके गले से एक लाख से ज़्यादा कीमत की सोने की चेन चुरा ली। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे ने सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे और रामनगर के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गणेश जवादवाड़ को चोरों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ज़ेंडे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक अच्युत मुपाड़े और उप-निरीक्षक प्रसाद चव्हाण की एक विशेष तलाशी टीम गठित की गई।

इस टीम ने उस जगह के आसपास के 106 सीसीटीवी कैमरों की जाँच की. पता चला कि चोर रजिस्ट्रेशन नंबर MH 20 FR 1851 वाली एक बाइक से चोरी कर रहे थे। पुलिस ने बाइक मालिक की तलाश की। उसने बताया कि उसकी बाइक पिछले महीने पुणे के नारायण पेठ से चोरी हुई थी।

### कई पुलिस थानों में दर्ज हैं अपराध

जांच के दौरान ही उप-निरीक्षक चव्हाण को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी डोंबिवली पूर्व के सुनीलनगर इलाके में आएंगे। टीम ने उस इलाके में जाल बिछाया और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों ने पुलिस के सामने डोंबिवली, मानपाड़ा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सोने की चेन चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने इनसे चोरी के बदले में मिले 3 लाख 89 हज़ार रुपये बरामद किए। इनके पास से चार ग्राम वजन की एक सोने की चूड़ी और 24 ग्राम वजन का एक मंगलसूत्र भी बरामद किया गया है। अर्पित शुक्ला पर उत्तर प्रदेश में हत्या का मामला दर्ज है। उपायुक्त ज़ेंडे ने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं। इन बदमाशों के खिलाफ पुणे के विश्रामबाग, हरगांव, बिबेवाड़ी, हडपसर और कोतवाली पुलिस स्टेशनों में मामले दर्ज हैं। डोंबिवली के रामनगर और मानपाड़ा पुलिस स्टेशनों में भी अपराध दर्ज किए गए हैं। इस अभियान में पुलिस अधिकारी विक्रम गौड़, राजेंद्र खेडकर, अच्युत मुपाड़े, प्रसाद चव्हाण और कांस्टेबल सुनील भांगे, मंगेश शिर्के, देवीदास पोटे, ज्ञानेश्वर शिंदे, नितिन सांगले, राजेंद्र सोनवणे, प्रशांत सरनाईक और शिवाजी राठौड़ शामिल थे।

# अंबरनाथ स्टेशन रोड पर खुला पड़ा है जानलेवा डीपी बॉक्स

### ■ महावितरण की लापरवाही से विद्यार्थियों की जान को खतरा

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम भीड़ वाले इलाके स्टेशन रोड के किनारे पर महावितरण का एक विद्युत प्रवाह वाला डीपी बॉक्स जिसमें से कई दुकानों, विद्युत पोल को लाइट कनेक्शन दिए गए हैं, ये डीपी बॉक्स कई दिनों से खुला पड़ा हुआ है. यहां से महात्मा गांधी विद्यालय, डेक्कन इंग्लिश स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थी स्कूल एवं घर की तरफ आते-जाते रहते हैं. हमने देखा कि कुछ विद्यार्थी इस बॉक्स के करीब से गुजर रहे हैं. ये खुला डीपी बॉक्स इतना खतरनाक है कि किसी विद्यार्थी ने नासमझी में बॉक्स के अंदर हाथ डाल दिया या उसका हाथ लग गया तो उसकी जान जा सकती है. राहगीरों को भी जान का खतरा है. इस खुले डीपी बॉक्स में अंडर ग्राउंड वायर से विद्युत प्रवाह लेकर कई पोल लाइट एवं स्टेशन रोड की दुकानों को विद्युत आपूर्ति की गई है. ये खुला डीपी स्टेशन रोड पर पटेल लोप्राइज के बाजू में है. महावितरण को तुरंत इस खुले डीपी बॉक्स पर सुरक्षा कवच के रूप में ढक्कन लगाना चाहिए, ऐसा व्यापारी रमेश पटेल का कहना है. ये महावितरण की लापरवाही नहीं तो और क्या है कि भीड़भाड़ी वाले स्टेशन रोड पर इस डीपी को जिसमें से विद्युत प्रवाह बह रहा है, उसको खुला रखा गया है. क्या महावितरण के अधिकारी उस समय जागेंगे जब किसी बेकसूर की जान जा चुकी होगी? जबकि महावितरण का कार्यालय यहां से कुछ ही कदम के फासले पर है.



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## जहरीली हवा से घटती उम्र

देश के कई शहरों और महानगरों में वायु प्रदूषण इस कदर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है कि इसका सीधा असर लोगों के फेफड़ों पर पड़ने लगा है। नतीजा यह कि लोगों की आयु घट रही है और वे कई तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हर वर्ष लाखों लोग सांस से जुड़ी बीमारियों के अलावा हृदय रोग और कैंसर जैसी जटिलताओं का सामना कर रहे हैं। दरअसल, लंबे समय तक जहरीली हवाओं के बीच रहने से फेफड़े की कोशिकाएं कमजोर पड़ने लगी हैं।

### इम्युनिटी पॉवर को भी कर रहीं कमजोर

श्वसन रोग से संबंधित आठवें राष्ट्रीय सम्मेलन 'रेस्पिकान 2025' में विशेषज्ञों की ओर से साझा किए गए आंकड़ों ने चिंता बढ़ा दी है। उनके मुताबिक, देश में हर वर्ष फेफड़े के कैंसर के 81,700 नए मामले आ रहे हैं। इतना ही नहीं, हवा में प्रदूषण का असर केवल फेफड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर कर रहा है। बच्चों की सेहत पर भी जहरीली हवा का गंभीर असर पड़ रहा है, जो भविष्य के लिए एक बड़ी चेतावनी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि फेफड़े का स्वास्थ्य कोई एक दिन में नहीं बिगड़ता। अगर सामूहिक रूप से समन्वित प्रयास किए जाएं, तो स्थिति को और ज्यादा गंभीर होने से बचाया जा सकता है। देश में सार्वजनिक परिवहन तंत्र को मजबूत नहीं किए जाने का नतीजा है कि लोग आवाजाही के लिए निजी वाहनों का अधिक इस्तेमाल करते हैं।

हर वर्ष सड़कों पर बड़ी संख्या में नए वाहन आ रहे हैं, जिससे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। यह निराशाजनक है कि न तो उद्योगों से निकलने वाले कचरे तथा धुएं को नियंत्रित करने के ठोस उपाय अब तक हो पाए हैं और न ही फसलों के अवशेष जलाने की समस्या का कोई प्रभावी समाधान निकल पाया है। हालत यह है कि हर दिन लोगों के फेफड़ों में जहरीली हवा भर रही है। विशेषज्ञों की चेतावनी को सरकार और समाज दोनों को गंभीरता से लेना होगा। हमें जीवनदायिनी वायु को प्राणघातक बनने से हर हाल में रोकना होगा। अगर हम ऐसा नहीं कर पाए, तो सांसों की डोर कमजोर होती चली जाएगी।

# बिहार के पिछड़ेपन के गुनाहगार कौन !

बिहार का विकास और उसकी बदहाली इन दिनों चर्चा में है। विपक्षी खेमे से जुड़े राजद और कांग्रेस जैसे दल राज्य के पिछड़ेपन के लिए सत्तारूढ़ राजग सरकार को जिम्मेदार बता रहे हैं। उनके इस आरोप की पड़ताल की जाए तो बिहार की मौजूदा स्थिति के लिए सबसे अधिक दोषी राजद और कांग्रेस जैसे दल ही दिखेंगे। स्वतंत्रता के बाद से ही कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकारों ने बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया। याद रहे कि अविभाजित बिहार के दक्षिणी हिस्से में देश के करीब 40 प्रतिशत खनिज संसाधन उपलब्ध थे।

यही कारण है कि टाटा जैसे कारोबारी समूह ने यहां कारखाने लगाए। उत्तर बिहार की जमीन को जापान की भूमि की तरह ही उपजाऊ माना जाता है, पर केंद्र सरकार ने ऐसे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करना उचित नहीं समझा। न तो उत्तर बिहार में सिंचाई और बांध आदि का पर्याप्त इंतजाम हुआ और न ही खनिज पदार्थों के उपयोग का प्रबंध किया गया। इसके विपरीत आजादी के तत्काल बाद रेल भाड़ा समानीकरण नियम लाकर केंद्र सरकार ने खनिज संपन्न बिहार के लिए लाभ की स्थिति को सीमित कर दिया।

भाड़ा समानीकरण नियम तब समाप्त हुआ, जब लोकसभा में कांग्रेस को बहुमत मिलना बंद हो गया, पर इस बीच बिहार को करीब 10 लाख करोड़ रुपये के लाभ से वंचित रहना पड़ा। समझिए कि 1950 से 1990 तक 10 लाख करोड़ रुपये की राशि से बिहार का



कितना विकास हो चुका होता? भाड़ा समानीकरण का यही अर्थ था कि रेलगाड़ी के जरिये धनबाद से खनिज पटना पहुंचाने में जितना भाड़ा लगता था, उतना ही भाड़ा मुंबई या चेन्नई तक पहुंचाने में लगता। पहले यह स्थिति नहीं थी।

कहा गया कि समानीकरण इसलिए किया गया ताकि उद्योगीकरण का लाभ समान रूप से सभी राज्यों तक पहुंचे। सिर्फ उन्हीं राज्यों को नहीं, जहां खनिज पदार्थ अधिक पाए जाते हैं। समानीकरण के बाद टाटा जैसी किसी कंपनी के लिए मुंबई या गुजरात से बिहार आकर पूंजी निवेश करने की मजबूरी नहीं रह गई। केंद्र सरकार को चाहिए था कि रेल भाड़ा समानीकरण के एवज में उत्तर बिहार के खेतों को विकसित करने के काम के लिए साधन मुहैया कराती, लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का ध्यान उस समय पंजाब पर केंद्रित रहा।

नेहरू सरकार ने 1955 में सिंचाई के मद में पूरे देश के लिए करीब 29,106 लाख रुपये का आवंटन किया था। इस राशि में से सिर्फ पंजाब को 10,952 लाख रुपये मिले। उन्हीं दिनों कोसी बांध निर्माण योजना पर भी काम होना था। पंडित नेहरू ने बिहार से कह दिया कि हमारे पास पैसे नहीं हैं, इसलिए कोसी में निर्माण के काम में स्वयंसेवी संगठनों और आम जनता से मदद ली जाए। कांग्रेस राज में बिहार की उपेक्षा के और भी आंकड़े हैं। रिजर्व बैंक बुलेटिन के अनुसार 1993-94 में जम्मू-कश्मीर के लिए प्रति व्यक्ति केंद्रीय सहायता 2,291 रुपये थी।

उसी अवधि में बिहार को सहायता राशि प्रति व्यक्ति मात्र 192 रुपये मिली। जबकि तमिलनाडु को 233 रुपये, राजस्थान को 304 रुपये तथा उत्तर प्रदेश को 331 रुपये आवंटित किए गए थे। बिहार की ऐसी उपेक्षा प्रथम पंचवर्षीय योजना काल से ही शुरू हो गई थी। नतीजतन, 1971 में ओडिशा को छोड़कर बिहार देश का सर्वाधिक गरीब राज्य था। आज भी लगभग वही स्थिति है। आजादी के बाद से बिहार में कुछ सरकारी उपक्रम जरूर स्थापित हुए, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं रहा कि वे कितने सफल रहे। इसके बजाय खेती में पूंजी लगाई गई होती तो बिहार का कहीं अधिक भला होता।

राजद और कांग्रेस जिस राजग सरकार पर आरोप लगा रहे हैं, उसके शासनकाल में ही प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ। इस दौरान आंतरिक राजस्व बढ़ना जारी रहा। उसी अनुपात में केंद्र से भी सहायता राशि मिली। 2014 में केंद्र में भी राजग सरकार बनने के बाद विशेष केंद्रीय सहायता सुगम हुई। केंद्र और राज्य सरकारों के साझा प्रयासों से विकास की गति तेज हुई है। बिहार में बिजली घर-घर पहुंच गई है। सड़कों का जाल बिछा दिया गया। रोजगार के अवसर बढ़े हैं। पलायन में कमी आई है।




नियमितता के साथ बैठने से हम ध्यानाभ्यास में अधिक माहिर होते जाएँगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# नेपाल में आग, आक्रोश और इस्तीफा

भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के बाद अब नेपाल में युवाओं का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दे रहा है। आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा में कई लोगों की जान चली गई है। सरकारी संपत्तियों को भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। सरकार की ओर से सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने से सुलगी विरोध की इस चिंगारी से संसद तथा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवास भी अछूते नहीं रहे। प्रदर्शनकारियों की भीड़ को नियंत्रित करना सुरक्षा बलों के लिए इस समय बड़ी चुनौती है। हालात इस कदर बेकाबू हो गए कि प्रधानमंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। इससे पहले सरकार के कुछ मंत्री भी अपना पद छोड़ चुके हैं।

सवाल यह है कि आखिर देश का युवा वर्ग इतना ज्यादा आक्रामक कैसे हो गया? शासन और स्थानीय प्रशासन युवाओं के गुस्से को समय रहते शांत करने में क्यों नाकाम रहा? क्या सरकार को इस बात का इल्म नहीं था कि हालात इस कदर बिगड़ सकते हैं या फिर इसका पूर्व आकलन करने में कहीं कोई चूक हुई है?

दरअसल, नेपाल सरकार ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि देश में सोशल मीडिया मंचों से संबंधित कंपनियां पंजीकरण कराने की



अनिवार्यता का पालन करने में विफल रही हैं। इसके बाद बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतर आए और सरकार के इस फैसले का विरोध करने लगे।

सोमवार को विरोध प्रदर्शन का दायरा व्यापक हो गया और काठमांडो में युवाओं की उग्र भीड़ ने जगह-जगह तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान सुरक्षाबलों के साथ प्रदर्शनकारियों की हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। इससे युवाओं का आक्रोश बढ़ गया और भीड़ संसद भवन परिसर में घुस गई। यहां तक कि प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के आवासों को भी निशाना बनाया गया।

हालात को देखते हुए सरकार ने सोमवार रात को ही सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया और मंगलवार को प्रधानमंत्री ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मगर प्रदर्शनकारी अभी भी शांत नहीं हुए हैं और वे सरकार को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

नेपाल के इतिहास में इसे बहुत बड़ी घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह जन आक्रोश ने सरकारों को अपदस्थ कर दिया था। इस बात पर भी गौर करना जरूरी है कि नेपाल में विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व 'जेन जी' कर रहा है। यह युवाओं का एक ऐसा समूह है, जो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रहा है। इस समूह ने पिछले दिनों सोशल मीडिया के जरिए सरकार के मंत्रियों और अन्य प्रभावशाली हस्तियों के बच्चों की फिजूलखर्ची तथा उनकी जीवनशैली को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे।

दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को अभिव्यक्ति की आजादी पर पाबंदी के साथ-साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज को दबाने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की आजादी हर हाल में होनी चाहिए, लेकिन क्या हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ ही इसका एकमात्र समाधान है?

बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि नेपाल की सरकार और युवा वर्ग देश एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे और माहौल का शांत कर बातचीत की राह पर लौटेंगे।

# अरुणाचल के पहाड़ी इलाके में नजर आई दुर्लभ बिल्ली

हाल ही में ऐसे ही एक जीव की तस्वीर अरुणाचल प्रदेश से सामने आई है जिसने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है.

**जरा हट के**

अरुणाचल प्रदेश के ऊंचे हिमालयी इलाकों में हाल ही में एक अभूतपूर्व खोज हुई है. यहां पहली बार पैलस कैट की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है. यह उपलब्धि वाइल्डलाइफ संरक्षण के क्षेत्र में एक मील का पत्थर मानी जा रही है. वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF-India) ने राज्य वन विभाग और स्थानीय समुदायों की मदद से जुलाई से सितंबर 2024 के बीच यह सर्वेक्षण किया. WWF-India ने वेस्ट कामेंग और तवांग जिलों के 2,000 वर्ग किलोमीटर में फैले ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 136 कैमरा ट्रैप 83 स्थानों पर लगाए. इस परियोजना को ब्रिटेन सरकार ने डार्विन इनिशिएटिव के जरिए फंड किया. इस सर्वेक्षण का उद्देश्य था- हिमालयी



पारिस्थितिकी और वहां पाई जाने वाली बिल्लियों की विविधता को समझना. टीम का नेतृत्व रोहन पंडित, ताकु साई, निसम लक्सोम और पेम्बा त्सेरिंग रोमो ने किया, जबकि मार्गदर्शन ऋषि कुमार शर्मा (हेड ऑफ साइंस एंड कंज़र्वेशन, हिमालयाज प्रोग्राम, WWF-India) ने दिया.

पैलस कैट, जिसे 'मैनुल' भी कहा जाता है, दुनिया की सबसे कम अध्ययन की गई और कम देखी जाने वाली जंगली बिल्लियों में से एक है. यह प्रजाति IUCN की रेड लिस्ट में 'Least Concern' श्रेणी में आती है, लेकिन इसके बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है. अरुणाचल में इसकी मौजूदगी ने इसके ज्ञात क्षेत्र को और आगे बढ़ाया है. इससे पहले यह केवल सिक्किम, भूटान और पूर्वी नेपाल में दर्ज की गई थी. यहां इसे लगभग 5,000 मीटर की ऊंचाई पर रिकॉर्ड किया गया, जो इसके वैश्विक अधिकतम 5,050 मीटर के करीब है.

इस सर्वेक्षण में स्थानीय गाइड्स और ब्रोक्पा चरवाहा समुदाय ने अहम भूमिका निभाई. उनके जीवन और पशुपालन की तस्वीरें भी कैमरों में कैद हुईं, जिससे यह साफ हुआ कि परंपरागत पशुपालन और जंगली जीवन साथ-साथ रह सकते हैं.

खाना-खजाना

# टेस्टी ब्रेड पकौड़ा

**सामग्री :**

- ब्रेड- 8-10 स्लाइस
- बेस- 1 कप
- आलू- 3-4
- हरी मिर्च- 2-3
- अदरक- 1 इंच का टुकड़ा
- हरा धनिया- 2-3 बड़े चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला- ½ छोटा चम्मच
- अमचूर पाउडर- ½ छोटा चम्मच
- जीरा- ½ छोटा चम्मच
- हींग- 1 चुटकी
- तेल- तलने के लिए

**विधि :**

सबसे पहले आलूं को उबालकर उनका छिलका उतार लें और उन्हें अच्छी तरह मैश कर लें। अब एक कटोरी में मैश किए हुए आलू में हरी मिर्च, अदरक, हरा धनिया, नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला और अमचूर पाउडर



डालकर अच्छी तरह मिला लें और एक तरफ रख दें। अब एक स्लाइस ब्रेड लें और उसके बीच में तैयार आलू का मिश्रण लगाएं। ऊपर से दूसरी ब्रेड की स्लाइस से ढक दें और हल्के से दबा दें। चाहें तो ब्रेड के किनारों को हल्के से गीले हाथों से दबाकर सील कर दें ताकि भरावन बाहर न निकले। एक बड़े कटोरे में बेसन लें। इसमें थोड़ा नमक, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, जीरा और एक चुटकी हींग डालें। अब धीरे-धीरे पानी डालते हुए इसे अच्छी तरह घोलें। ध्यान रखें, घोल बहुत पतला या बहुत गाढ़ा न हो।

यह एक स्मूद और गाढ़ा घोल होना चाहिए जो ब्रेड पर आसानी से कोट हो जाए। घोल को 4-5 मिनट के लिए अलग रख दें।

एक कढ़ाई में तेल गर्म करें। अब तैयार किए गए ब्रेड के सैंडविच को बेसन के घोल में अच्छी तरह डुबोकर कोट कर लें, ताकि वह हर तरफ से ढक जाए।

एक बार में 2-3 पकौड़े ही तलें। इसे सुनहरा और क्रिस्पी होने तक तलें। दोनों तरफ से अच्छी तरह तल लें।

तले हुए ब्रेड पकौड़ों को एक किचन टिश्यू पर निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाए।

इन्हें गर्मागर्म हरी धनिया चटनी या टमाटर केचप के साथ परोसें।

# खराब डेंटल हेल्थ भी बन सकती है बीमारियों की वजह

### डॉक्टर से जानें हेल्दी ओरल हैबिट्स

दांत केवल काटने और चबाने के काम ही नहीं आते। वे आपके चेहरे की सुंदरता बढ़ाने में भी प्रमुख भूमिका अदा करते हैं। मुंह व दांतों में पाए जाने वाली बीमारियों में प्रमुख पायरिया या मसूड़ों में होने वाला संक्रमण है, जो प्लाक एवं टार्टर के जमने के कारण होता है।

प्लाक भोजन के कणों और कीटाणुओं से बनी एक अदृश्य चिकनी परत है, जो दांतों की सतह पर सुबह उठने के बाद महसूस की जा सकती है। इसी प्लाक में जब लार में मौजूद खनिज जमा हो जाते हैं तो ये कड़े पत्थर रूपी टार्टर या कैल्कुलस में परिवर्तित हो जाता है। प्लाक में मौजूद कीटाणु एंजाइम व अन्य विषाक्त पदार्थ बनाते हैं, जो मसूड़ों को हानि पहुंचाते हैं।



मसूड़ों का संक्रमण मुख्यतः दो प्रकार से होता है। जिनजिवाइटिस या मसूड़ों में सूजन, जिससे मसूड़े लाल होकर फूल जाते हैं और उनसे खून आने लगता है। दूसरा है पेरियोडाटाइटिस, जो मसूड़ों का गंभीर रोग है। इसमें मसूड़े दांतों से अलग होने लगते हैं और दांतों को सहारा देने वाली हड्डी गलने लगती है। इस स्थिति में मसूड़ों से स्वतः खून आने लगता है, मुंह से बदबू आती है और दांतों के हिलने से उनके बीच गैप आने लगता है।

### दंतक्षय के लक्षण

यदि प्लाक को नियमित रूप से टूथब्रश द्वारा साफ न किया जाए तो उसमें उपस्थित कीटाणु भोजन की शर्करा को अम्ल में परिवर्तित कर देते हैं, जिससे दांतों की सबसे ऊपरी सतह इनैमल में गड्ढे होने लगते हैं।

दंत क्षय के लक्षणों में प्रमुख हैं, दांतों में दर्द, ठंडा-गरम लगाना, दांतों में काले या भूरे रंग के दाग दिखाई देना ।

### बचाव के उपाय

- कुछ भी खाने के बाद पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।
- दिन में दो बार अच्छे ब्रश से दांतों की सफाई करें।
- रात को सोने से पहले ब्रश अवश्य करें, क्योंकि रात में कीटाणुओं को एसिड बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है।
- हर तीन-चार माह में ब्रश बदलें।
- ब्रश करने के लिए दो-तीन मिनट का समय पर्याप्त है।
- दांतों के बीच फंसे खाने के कण जो ब्रश से नहीं निकल पाते, उन्हें फ्लॉस से निकालें। ब्रशिंग व फ्लॉसिंग का सही तरीका किसी डेंटिस्ट से सीखा जा सकता है।
- कीटाणुरोधक माउथवॉश से भी दंतक्षय से बचा जा सकता है।
- जीभ की सफाई भी नियमित रूप से करें।

### संवेदनशीलता या सेंसिटिविटी

जब दांतों की ऊपरी सतह किन्हीं कारणों से निकल जाती है या घिस जाती है, तब दांतों में ठंडी और गर्म चीजों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। इसका मुख्य कारण इनैमल का घिसाव, दंत क्षय, मसूड़ों में संक्रमण, दांतों में आई दरार या टूटे हुए दांत होते हैं। सेंसिटिविटी के कारण मीठा और खट्टा भोजन खाने में भी परेशानी होती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**वृषभ** : व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**मिथुन** : विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**कर्क** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह** : मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** : चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**तुला** : कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** : राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मकर** : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**कुंभ** : बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें। अति व्यस्तता रहेगी।

**मीन** : मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# सिर में होने वाली खुजली सिर्फ डैंड्रफ है या स्कैल्प सोरायसिस का संकेत?

डैंड्रफ एक बेहद आम समस्या है, जिससे कई लोग परेशान रहते हैं। इसके कारण सिर में खुजली और सफेद फ्लेक्स स्कैल्प पर जमा हो जाते हैं, जो कई बार शर्मिंदगी की वजह भी बनते हैं। लेकिन कुछ मामलों में सिर में होने वाली खुजली मामूली डैंड्रफ न होकर स्कैल्प सोरायसिस भी हो सकता है। जी हां, स्कैल्प सोरायसिस के लक्षण भी काफी हद तक डैंड्रफ जैसे ही होते हैं, जिसके कारण लोग कन्फ्यूज हो जाते हैं। लेकिन स्कैल्प सोरायसिस की पहचान करके इलाज करवाना जरूरी है, वरना परेशानी बढ़ने लगती है। आइए जानते हैं किन लक्षणों की मदद से डैंड्रफ और स्कैल्प सोरायसिस की पहचान कर सकते हैं।

### डैंड्रफ क्या होता है?

डैंड्रफ एक कॉमन कंडीशन है, जो आमतौर पर ऑयली स्कैल्प के कारण होती है। इस कंडीशन में स्कैल्प के डेड सेल्स जल्दी निकलते हैं और उनके कारण सिर में खुजली होती है।

**डैंड्रफ कैसा दिखता है-** डैंड्रफ के फ्लेक्स आमतौर पर सफेद या हल्के पीले रंग के, छोटे और ऑयली होते हैं। ये आपके बालों और कंधों पर गिरते दिखाई देते हैं।

**खुजली-** इसमें सिर में खुजली होती है, लेकिन यह आमतौर पर दर्दनाक नहीं होती।

**कारण-** डैंड्रफ की समस्या आती-जाती रहती है। यह मौसम, तनाव, हार्मोनल बदलाव, गलत हेयर प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल या सिर



की सफाई न करने पर बढ़ सकती है और सही देखभाल से कम हो सकती है। यह सिर्फ स्कैल्प तक ही सीमित रहती है और शरीर के अन्य हिस्सों में नहीं फैलती।

### स्कैल्प सोरायसिस क्या है?

स्कैल्प सोरायसिस एक क्रॉनिक ऑटोइम्यून डिजीज है। इसमें शरीर का इम्यून सिस्टम गलती से हेल्दी स्किन सेल्स पर हमला कर देती है।

**कैसे दिखते हैं-** इसमें मोटी, चांदी जैसी सफेद स्केल्स दिखाई देती हैं। ये फ्लेक्स डैंड्रफ की तुलना में ज्यादा मोटे और चिपकने वाले होते हैं। नीचे की त्वचा लाल और सूजी हुई दिख सकती है।

**खुजली और दर्द-** इसमें तेज खुजली हो सकती है। खुजली इतनी ज्यादा हो सकती है कि उस जगह से खून निकलने लगे। यह दर्दनाक भी हो सकता है और सिर में जलन महसूस हो सकती है।

**लक्षण-** यह एक लंबे समय तक चलने वाली बीमारी है। इसके लक्षण बिगड़ते और सुधरते रहते हैं, लेकिन पूरी तरह से अक्सर गायब नहीं होते।

**फैल सकता है-** यह सिर्फ स्कैल्प तक सीमित नहीं रहता। यह माथे, गर्दन, कान के पीछे और शरीर के अन्य हिस्सों जैसे कोहनी, घुटने, पीठ आदि पर भी दिखाई दे सकता है।

**कारण-** इसका मुख्य कारण इम्यून सिस्टम की वजह से होता है। यह जेनेटिक भी हो सकता है। यह डैंड्रफ की तरह लाइफस्टाइल या हाइजीन से सीधे जुड़ा नहीं है और न ही यह संक्रामक है।

# टॉयलेट जाने से पहले वॉक करनी चाहिए या फ्रेश होने के बाद?



सुबह उठकर मॉर्निंग वॉक करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. अधिकतर लोग सुबह उठने के बाद टॉयलेट जाते हैं और फिर सैर करने निकलते हैं. हालांकि कई लोग पहले सैर करते हैं और फिर टॉयलेट करने जाते हैं. अक्सर इस बात को लेकर लोगों में कंफ्यूजन की स्थिति बनी रहती है कि मॉर्निंग वॉक टॉयलेट जाने से पहले करनी चाहिए या वॉक के बाद फ्रेश होना चाहिए. अगर आप भी इसे लेकर कंफ्यूज हैं, तो आपको इस बारे में कुछ जरूरी बातें जान लेनी चाहिए, ताकि आप इस बारे में सही फैसला ले सकें और अपनी सेहत को बेहतर बना सकें.

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक सुबह उठते ही शरीर में कई तरह की बायोलॉजिकल प्रोसेस एक्टिव हो जाती हैं. रात भर की नींद के बाद शरीर को पूरी तरह से फ्रेश होने की जरूरत होती है. जब आप टॉयलेट जाते हैं, तो आपके शरीर का सिस्टम पूरी तरह से एक्टिव हो जाता है. इस दौरान पेट साफ होता है और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं. इस प्रक्रिया से शरीर हल्का महसूस करता है और इसके बाद वॉक करना ज्यादा प्रभावी हो सकता है. अगर आप वॉक करने से पहले टॉयलेट जाते हैं, तो आपके पेट और आंतों पर दबाव नहीं बनता और आपकी एनर्जी का उपयोग सही तरीके से होता है.

वॉक के बाद टॉयलेट जाना भी सेहत के लिए फायदेमंद है. इस दौरान आपके शरीर में ब्लड फ्लो बढ़ता है, जिससे आपके इंटरनल ऑर्गन्स की एक्टिविटी बेहतर होती है. हल्की वॉक करने से आपकी आंतें सक्रिय होती हैं और पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है. इसके बाद जब आप टॉयलेट जाते हैं, तो आपकी बॉडी पहले से ही तैयार होती है और आपको आरामदायक अनुभव होता है. वॉक के बाद शरीर में प्राकृतिक रूप से डिटॉक्स शुरू होता है, जिससे पेट साफ होता है और आपका पाचन तंत्र एक्टिव होता है. यही कारण है कि बहुत से फिटनेस एक्सपर्ट और डॉक्टर्स फ्रेश होने से पहले वॉक करना बेहतर मानते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सपा मुख्यालय के बाहर युवक ने पेट्रोल डालकर खुद को जलाया, पड़ोसियों से था विवाद

**लखनऊ.** लखनऊ से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा प्रदेश मुख्यालय के बाहर मंगलवार दोपहर 3 बजकर 35 मिनट एक युवक ने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा ली। युवक को आग की लपटों से घिरा देख पुलिस कर्मी और कार्यकर्ता भागे। कंबल और पानी डालकर आग पर काबू पाया। उसे गंभीर हालत में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। इस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश कुमार सिंह के मुताबिक खुद को आग लगाने वाला अलीगढ़ के भुजपुरा इलाके के टीना वाली मस्जिद के पास का रहने वाला है। युवक की पहचान योगेंद्र उर्फ बाबी के तौर पर हुई है। बुधवार को वह अपनी मुंह बोली बहन शबा परवीन और कुछ अन्य लोगों के साथ आया था। उसका मोहल्ले में रहने वाले वसीम और उसके भाई नाजिम से छह लाख रुपयों को लेकर विवाद चल रहा है।

### स्कूल के भीतर गला रेतकर की छात्र की हत्या

**प्रयागराज.** यूपी के प्रयागराज से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां यमुना नगर इलाके में बुधवार को कॉलेज के अंदर ही 12वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। इस घटना से स्कूल में दहशत मच गई। पुलिस के मुताबिक अवनीश पांडेय इंदिरा गांधी इंटर कॉलेज का छात्र था और कुछ दिन पहले उसका कालेज के ही दूसरे छात्रों से विवाद हो गया था। आज सुबह दोनों के बीच फिर कहासुनी हुई थी। अवनीश जब कालेज में क्लास खत्म कर बाहर सीढ़ियों से उतरने लगा कि पहले से घात लगाए दूसरे छात्रों ने उसके ऊपर चाकू से हमला कर दिया। चाकू सीधा अवनीश की गर्दन पर लगा। घटना के बाद पूरे कालेज में हड़कंप मच गया।

### मस्जिद की आड़ में इमाम की दरिंदगी

**रामपुर.** यूपी के रामपुर से एक मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक इमाम ने इलाज के बहाने महिला को मस्जिद के एक कमरे में ले गया। फिर नशीली दवा देकर उसके साथ रेप किया। इसके अलावा अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार शोषण किया। अब पीड़िता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है। उधर, पुलिस ने आरोपी इमाम को गिरफ्तार लिया। ये घटना स्वार क्षेत्र का है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब छह माह पहले उसकी तबीयत खराब हुई थी। वह इलाज के लिए गांव की मस्जिद में इमामत करने वाले गुलाम हुसैन के पास ताबीज लेने गई थी। आरोप है कि इमाम उसे मस्जिद के कमरे में ले गया और नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसी दौरान उसने दुष्कर्म किया। होश में आने पर विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने और बनाए गए अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि इसी धमकी के सहारे आरोपी बार-बार उसके साथ दुष्कर्म करता रहा।

### यूपी के इस जिले में फिर एनकाउंटर

यूपी के कुशीनगर में एक बार फिर एनकाउंटर हुआ है। यहां बुधवार की सुबह-सुबह पटहेरवा थाना क्षेत्र में पशु तस्करों से पुलिस का आमना-सामना हो गया। पुलिस ने पशु तस्करों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में तीन पशु तस्करों को पैर में गोली लग गई। गोली लगते ही तीनों जमीन पर गिर गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को तस्करों के कंटेनर से कटान के लिए प्रतिबंधित 26 पशु मिले। इन पशुओं को कंटेनर में क्रूरता पूर्वक लाद कर वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। बता दें कि अभी हाल ही में कुशीनगर में स्कूल के बाहर छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस एनकाउंटर में गोली लगी थी।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर पर ट्रकों की 5KM लंबी लाइन

- 10 हजार गाड़ियां फंसी
- नेपाल से भागे 10 कैदियों को सीतामढ़ी बॉर्डर पर पकड़ा





**सीतामढ़ी.** नेपाल में भड़की हिंसा के बाद बिहार के 7 जिलों पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज की इंटरनेशनल बॉर्डर को सील कर दिया गया है। जिसके बाद बॉर्डर पर ट्रकों की 5KM लंबी लाइन लग गई है। करीब 10 हजार गाड़ियां फंसी हैं। मंगलवार को हुए जलेश्वर जेल ब्रेक में 577 कैदियों में से 576 कैदी फरार हो गए। देर रात सीतामढ़ी के रास्ते भारत में घुसने की कोशिश कर रहे 10 कैदियों को SSB ने पकड़ा है। इनमें 2 भारतीय और 8 नेपाली हैं।

इधर, नेपाल में हिंसा के बाद पर्यटकों की आवाजाही पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। अररिया के जोगबनी बॉर्डर पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। किशनगंज के गलगलिया के भातगांव बॉर्डर से नेपाल आने-जाने पर रोक लगाई गई है।

मधुबनी के जयनगर रेलवे स्टेशन से नेपाल के जनकपुर तक ट्रेन चलती है। नेपाल में बिगड़ते हालात और उग्र विरोध-प्रदर्शन के बाद इंडो-नेपाल रेल सेवा को अनिश्चितकाल के लिए रोक दिया गया है।

### 15KM पैदल चलकर रक्सौल रेलवे स्टेशन जा रहे यात्री

एक यात्री ने बताया कि वो नेपाल से 15 किलोमीटर पैदल चलकर रक्सौल रेलवे स्टेशन पहुंचा है। नेपाल में कोई सवारी नहीं मिल रही है। सुरक्षा के मद्देनजर मैत्री पुल और अन्य चौकियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। डॉग स्क्वायड की मदद से यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है।

### नेपाल से लौट रहे भारतीय नागरिक

नेपाल में भड़की हिंसा के बाद वहां रह रहे भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में भारत लौट रहे हैं। मोतिहारी के रक्सौल बॉर्डर से बुधवार की सुबह 10 बजे तक नेपाल से लोग भारत आए, लेकिन अब इस बॉर्डर को भी सील कर दिया गया है। मोतिहारी के SP स्वर्ण प्रभात ने मंगलवार की रात भारत-नेपाल सीमा का दौरा किया। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के जवानों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। नेपाल से लौटे मजदूर श्याम कुमार ने बताया, 'वहां सभी फैक्ट्री और कल-कारखाने बंद हैं। तीन दिनों से काम रुका हुआ है। कब काम शुरू होगा, यह किसी को नहीं पता।'

## नेपाल हिंसा में फंसी हरियाणा की लड़कियां





- रोते हुए बोलीं- डंडे लेकर पीछे दौड़े लोग, होटल जला डाला

नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी आंदोलन में दिल्ली की उपासना गिल अपनी टीम के साथ फंस गई हैं। उपासना गिल वॉलीबॉल इवेंट होस्ट करने के लिए वहां गई थीं। उनकी टीम में हरियाणा के फरीदाबाद की लड़कियां भी शामिल हैं। मदद की गुहार लगाते हुए उपासना गिल ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है।

वीडियो सामने आने के बाद हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर तत्काल रेस्क्यू की मांग की है। उन्होंने कहा कि पोखरा के अलावा अन्य जगहों पर कई हरियाणवी नागरिक फंसे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित निकाला जाना जरूरी है।

# PM ने हिमाचल को 1500 करोड़ देने का ऐलान किया

- बाढ़ग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वे किया
- एक साल की नितिका को गोद में खिलाया



**शिमला.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (9 सितंबर) पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर हैं। उन्होंने हेलिकॉप्टर से कुल्लू, मंडी और चंबा में हुए नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद धर्मशाला में आपदा को लेकर एक बैठक की, जिसमें अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हें नुकसान की जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने 1500 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का ऐलान किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी। मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

मीटिंग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी बैठक में मौजूद रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री ने मंडी, कुल्लू और चंबा जिले के 18 प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनकी आपबीती सुनी। उन्होंने एक साल की नितिका से भी मुलाकात की, जिसके माता, पिता और दादी की 30 जून को मंडी में बादल फटने से आई बाढ़ में मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री ने नितिका को पहले टॉफी दी और फिर उसे गोद में उठा लिया।

# फ्रांस में भी सड़कों पर उतरे लोग

- बवाल रोकने के लिए 80000 जवान तैनात



**पेरिस.** नेपाल में तीन दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी है। जेन जी के आंदोलन ने केपी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर किया। लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर हैं, और यह आंदोलन अभी भी जारी है। दूसरी ओर नेपाल का हंगामा अभी थमा भी नहीं था कि फ्रांस में भी विरोध शुरू हो गया। फ्रांस में लोग सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, जिसे 'ब्लॉक एवरीथिंग' नाम दिया गया है।

बुधवार सुबह पेरिस और अन्य प्रमुख शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं। नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने कचरे के डिब्बों और बैरिकेड्स से सड़कें जाम कर दीं। बोर्डो और मार्सिले में भीड़ ने चौराहों को घेर लिया और पुलिस पर फ्लेयर्स और बोतलें फेंकीं। पेरिस के रेलवे हब गारे दू नॉर स्टेशन पर भी प्रदर्शनकारियों ने हमला किया।

पेरिस में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि ये लोग सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों को आशंका है कि दिन चढ़ने के साथ भीड़ और उग्र हो सकती है। यह हिंसा तब हुई, जब राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 24 घंटे पहले ही सेबास्टियन लेकोर्नू को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।

लेकोर्नू ने फ्रांस्वा बायरो की जगह ली है, जिन्हें विश्वास मत में हार के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। बायरो ने £35 अरब (लगभग 3.7 लाख करोड़ रुपये) की कटौती योजना पेश की थी, जो जनता को पसंद नहीं आई, और उनकी सरकार गिर गई। अब फ्रांस में हालात बिगड़ रहे हैं। सरकार ने 80000 से अधिक पुलिस और सुरक्षा बल तैनात किए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रदर्शनकारी रेल और सड़क यातायात रोक रहे हैं और तेल डिपो, सुपरमार्केट, और पेट्रोल पंपों को निशाना बना रहे हैं।

# पंजाब के 2000 गांवों में अभी भी बाढ़

- जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे 16 दिन बाद शुरू
- हरियाणा में 46% ज्यादा बारिश



**चंडीगढ़.** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। 2000 से ज्यादा गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है। केंद्र ने पंजाब को ₹1600 करोड़ की मदद का ऐलान किया।

जम्मू-कश्मीर में जम्मू घाटी की लाइफ लाइन माने जाने वाले जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बुधवार को 16 दिन बाद ट्रैफिक के लिए खोला गया। सड़क पर कई जगहों पर लगातार लैंडस्लाइड के कारण इसे बंद रखा गया था।

सबसे ज्यादा उदयपुर और रामबन जिलों में नुकसान हुआ था। NH की बहाली से कश्मीर घाटी से फलों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति दोबारा से शुरू हुई है। लद्दाख के सियाचिन बेस कैम्प में हिमस्खलन से 3 जवान शहीद हुए।

हरियाणा में 9 सितंबर तक सामान्य से 46% ज्यादा बारिश हो चुकी है। राज्य में औसतन 385.1mm बारिश होती थी, जो अब तक 563.8mm हो चुकी है। अब तक सबसे ज्यादा बारिश यमुनानगर में 1080.8mm दर्ज की गई है।

गुजरात के बनासकांठा समेत 3 जिले में पिछले 2 दिनों में 16 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इससे वाव-थराद और सुईगाम तालुका में बाढ़ आ गई। तीनों तालुकाओं के दर्जनों गांवों में 5 फीट तक पानी भरा हुआ है।

### पंजाब में AAP विधायक गिरफ्तार

पंजाब में खडूर साहिब से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक मनजिंदर सिंह लालपुरा समेत 12 लोगों को मारपीट और छेड़छाड़ के मामले में दोषी करार दिया गया है। तरनतारन की जिला अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए कहा कि दोषियों को 12 सितंबर को सजा सुनाई जाएगी। पुलिस ने विधायक समेत 7 को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला 2013 का है। उस समय विधायक लालपुरा टैक्सी ड्राइवर थे। उन पर शादी में आई महिला के साथ मारपीट करने का आरोप लगा था। महिला ने टैक्सी ड्राइवरों पर छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया था।

# उपराष्ट्रपति चुनाव में किसने की क्रॉस वोटिंग?

- BJP बोली- INDIA के कुछ सांसदों का धन्यवाद



**नई दिल्ली.** उपराष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने क्रॉस वोटिंग का दावा किया है। पार्टी ने विपक्षी गठबंधन के 'कुछ सांसदों' का धन्यवाद भी किया है। हालांकि, इस दौरान किसी नेता या पार्टी का नाम नहीं लिया गया है। मंगलवार को हुए चुनाव में NDA उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने 150 से ज्यादा मतों के अंतर से INDIA गठबंधन के साझा उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को हराया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पोस्ट किया, 'उपराष्ट्रपति चुनाव में 'अंतरात्मा की आवाज सुनकर' एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को वोट देने के लिए INDI अलायंस के कुछ सांसदों का विशेष धन्यवाद। एनडीए और हमारे सभी मित्र सांसद एकजुट हैं। शांत और कुशल व्यक्ति और सच्चे देशभक्त को चुनने के लिए सभी का धन्यवाद।'

इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने एक चैनल से बातचीत में कहा कि एनडीए को मिले 25 ज्यादा वोट बताते हैं कि कुछ विपक्षी नेताओं ने राधाकृष्णन के लिए मतदान किया है। उन्होंने कहा, 'सदन में एनडीए की ताकत 427 थी और 25 वोट ज्यादा मिले। यह साफतौर पर दिखाता है कि प्रधानमंत्री की नीतियां और नेतृत्व... देश को प्रगति, समृद्धि और समावेशी विकास के पथ पर ले जा रही हैं, जिसका असर एनडीए और भाजपा के खिलाफ खड़े नेताओं में भी नजर आता है।'

राधाकृष्णन को वोट देने वाले सभी सांसदों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक संजय जायसवाल ने कहा कि राजग उम्मीदवार ने 452 वोट हासिल करके उपराष्ट्रपति चुनाव जीता और उन्हें कुछ विपक्षी सांसदों का भी समर्थन मिला। उन्होंने कहा, 'विपक्षी खेमे के लगभग 40 सांसदों ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर राजग के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन का समर्थन किया।'

# अफगानिस्तान की टी-20 एशिया कप में सबसे बड़ी जीत



- हॉन्ग कॉन्ग को 94 रन से हराया
- अटल-उमरजई ने फिफ्टी लगाई

अफगानिस्तान ने टी-20 एशिया कप 2025 में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया है। टीम ने मंगलवार को पहले मैच में हॉन्ग कॉन्ग को 94 रन से हराया। यह अफगानिस्तान की इस टूर्नामेंट में रन के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है।

अबु धाबी के शेख जायद स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। फिर 20 ओवर में 6 विकेट पर 188 रन बनाए। जवाब में हॉन्ग कॉन्ग की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 94 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान से सेदिकुल्लाह अटल (52 बॉल पर 73 रन) और अजमतुल्लाह उमरजई (21 बॉल पर 53 रन) ने अर्धशतक जमाए। मोहम्मद नबी ने 33 रन स्कोर किए। किंचित शाह और आयुष शुक्ला को 2-2 विकेट मिले। हॉन्ग कॉन्ग के बाबर हयात ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। फजलहक फारुकी और गुलबदीन नाइब को 2-2 विकेट मिले।

अजमतुल्लाह उमरजई को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 20 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। वे टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले अफगानी बैटर बने हैं। उन्होंने मोहम्मद नबी के 21 बॉल के रिकॉर्ड को तोड़ा।

### अफगानी प्लेयर्स ने लगातार 2 बॉल पर दो कैच छोड़े

अफगानी फील्डर्स ने पावरप्ले में लगातार दो बॉल पर 2 पर कैच ड्रॉप कर दिया। चौथे ओवर की आखिरी बॉल पर अटल और जादरान के बीच कन्फ्यूजन में कैच छूट गया। यह ओवर गजनफर डाल रहे थे। 5वें ओवर की पहली बॉल पर अजमतुल्लाह उमरजई की पहली बॉल पर करीम जन्नत से कैच ड्रॉप हुआ। अजमत के ओवर की तीसरी बॉल पर कल्हान छल्लू रनआउट हुए। वे 4 रन ही बना सके।

# सेना प्रमुख बोले- सेना के लिए आत्मनिर्भर भारत जरूरी

- लोगों ने ऑपरेशन सिंदूर को 4 दिन का टेस्ट मैच बताया
- युद्ध हमेशा अनिश्चित होते हैं

**नई दिल्ली.** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा कि सेना के लिए भी आत्मनिर्भर भारत जरूरी है। पहले संघर्ष के समय जहां 100 किमी की रेंज वाले हथियारों की जरूरत थी, आज वहां 300 किमी की रेंज वाले हथियार चाहिए। उन्होंने आगे कहा- हमारे विरोधियों की तकनीक आगे बढ़ रही है। हम विदेशी हथियारों पर हमेशा निर्भर नहीं रह सकते। अपनी क्षमता पर भरोसा और लगातार मजबूत होना ही हमें भविष्य के युद्धों के लिए तैयार कर सकता है।

सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा- कुछ लोगों ने कहा कि ये तो चार दिन का टेस्ट मैच था। लेकिन आप युद्ध के बारे में पहले से कुछ नहीं कह सकते। हमें कोई अंदाजा नहीं था ऑपरेशन कितने दिन चलेगा। युद्ध हमेशा अनिश्चित होता है। जब रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ था, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि ये इतना लंबा चलेगा। ईरान-इराक युद्ध लगभग 10 साल चला।

### नई तकनीक और भविष्य की तैयारी जारी है

सेना प्रमुख ने आने वाले समय में नई तकनीक वाले हथियारों को सेना में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा- भारत हथियारों के मामले में राइफल से लेजर हथियारों तक जाना चाहता है। हम ऐसे टैंक सेना में शामिल कर रहे हैं जो बिना किसी व्यक्ति के संचालित हो सकें।

# इलेक्शन कमीशन की राज्य अधिकारियों के साथ बैठक

- देशभर में वोटर्स वेरिफिकेशन कराने पर चर्चा;
- बिहार में आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानने का निर्देश

**नई दिल्ली.** दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त (CEO) ज्ञानेश कुमार सहित इलेक्शन कमीशन के सीनियर अधिकारियों की बुधवार को राज्य चुनाव अधिकारियों के साथ मीटिंग जारी है। इसमें देशभर में वोटर्स लिस्ट के स्पेशल इंटेसिव रिविजन (SIR) यानी वोटर्स वेरिफिकेशन, कराने की तैयारियों को लेकर चर्चा की जा रही है।

आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद, पूरे देश में SIR लागू किया जाएगा। इस साल के अंत में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह शुरू हो सकती है। इसका मुख्य मकसद जन्म स्थान की जांच करके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना है।

फरवरी में मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के बाद ज्ञानेश कुमार की यह तीसरी बैठक है। इसमें सीनियर अधिकारी जहां आयोग की SIR पॉलिसी पर प्रजेंटेशन देंगे, वहीं बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी SIR के क्रियान्वयन में राज्य का एक्सपीरियंस शेयर करेंगे। इससे पहले, चुनाव आयोग ने मंगलवार को बिहार चुनाव आयोग को लेटर भेजकर मतदाताओं की पहचान के लिए आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 8 सितंबर के आदेश के बाद आया है।

### आम सूचना

मैं श्री इरफान हारून सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 28, चाल नं. 7, आकाश कॉलोनी, बैरक नं. 2077 के सामने, सेक्शन 36, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 55डीओ011810900) उक्त प्रॉपर्टी श्री सतीशकुमार हिरालाल मौर्या के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 2.9.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री इरफान हारून**

### आम सूचना

मैं श्री रविंद्र बालासाहेब मिंडे सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन रुम, ब्लॉक नं. 318/686, कुर्ला कैम्प, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 39डीओ008588200(पार्ट पोर्शन) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सोनाबाई बालासाहेब मिंडे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.8.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रविंद्र बालासाहेब मिंडे**

### आम सूचना

मैं श्री यादव जगदीश राजाराम सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, ब्लॉक ए/12 के पीछे, ब्लॉक ए/15 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ015012200(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री त्रिभुवननाथ देवकी-नंदन शुक्ला के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 29.8.2025 सी.नं. 114/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री यादव जगदीश राजाराम**

### आम सूचना

मैं श्रीमती इंदिराबाई सुनील चौहान सभी को सूचित कर रही हूं कि 40/01, 288 के सामने, स्टेशन रोड, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ021089800) उक्त प्रॉपर्टी श्री सुनील शंकरला चौहान के नाम पर है। श्री दिनेश सुनील चौहान व श्री कृष्णा सुनिल चौहान ने रिलीज डीड दि. 7.9.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती इंदिराबाई सुनील चौहान**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सीता अशोक चौहान सभी को सूचित कर रही हूं कि 288 के सामने, स्टेशन रोड, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ008973300) उक्त प्रॉपर्टी श्री शंकरलाल ईश्वरलाल के नाम पर है। श्री गोपाल शंकरलाल चौहान, श्रीमती इंदिराबाई सुनील चौहान, श्री दिनेश सुनील चौहान, श्री कृष्णा सुनिल चौहान, श्री लखन अशोक चौहान ने रिलीज डीड दि. 7.9.2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सीता अशोक चौहान**

## संक्षेप...

### पीएनबी के पूर्व कार्यकारी अधिकारी 7 साल बाद बरी

**मुंबई.** विशेष अदालत मुंबई ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पूर्व कार्यकारी अधिकारी के वी ब्रह्माजी राव को सात साल बाद बरी कर दिया है। उन पर भगोड़े आभूषण व्यवसायी नीरव मोदी से जुड़े 23,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में पहली बार आरोप लगाया गया था। विशेष अदालत ने इस मामले में सीबीआई की चुन-चुनकर काम करने की नीति पर सवाल उठाए। इस मामले में व्यक्तियों और कंपनियों समेत 25 आरोपी हैं।

# स्मार्ट सिटी शहर या भ्रष्टाचार का शहर?

### ■ कोपरी वाटर फ्रंट की हकीकत उजागर



**ठाणे.** स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कोपरी खाड़ी के किनारे बनी 'कोपरी वाटर फ्रंट डेवलपमेंट' परियोजना खस्ताहाल हो गई है। करोड़ों रुपये की यह परियोजना मात्र ढाई साल में ही खस्ताहाल हो गई है और घटिया गुणवत्ता व भ्रष्टाचार साफ तौर पर सामने आ गया है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक बयान जारी कर इस मामले की सीधी जाँच और सख्त कार्रवाई की माँग की है।

पिंगले ने आरोप लगाया कि, 'खराब कारीगरी, भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण यह परियोजना बदहाल स्थिति में है। इस काम में शामिल ठेकेदारों को काली सूची में डाला जाना चाहिए और ज़िम्मेदार अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए।स्मार्ट सिटी के काम को लेकर पहले भी गंभीर आरोप लगे हैं। केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जाँच के आदेश दिए थे, लेकिन आरोप हैं कि ठोस कार्रवाई न होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है।ठाणे निवासियों के पैसे की बर्बादी,मनपा की छवि धूमिल होना और परियोजना की बदनामी,सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि मुख्यमंत्री फडणवीस इन पर क्या भूमिका निभाते हैं।

**सभी सुविधाएँ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में**

इस परियोजना में शौचालय, एम्फीथिएटर, उद्यान, पार्किंग स्थल, जेटी रोड का नवीनीकरण, ऐतिहासिक तोपों के लिए चौक और दशक्रिया के लिए घाट जैसी सुविधाएँ प्रदान की गई थीं। आज ये सभी सुविधाएँ जीर्ण-शीर्ण अवस्था में दिखाई दे रही हैं और नागरिकों के पैसे की खुलेआम बर्बादी की तस्वीर सामने आ रही है। एम्फीथिएटर में दरारें हैं, बेंचें टूटी हुई हैं और तोपों का चौक उखड़ गया है। इन दृश्यों ने ठाणेकर को नाराज़ कर दिया है।

# स्टेम वाटर कंपनी की नियुक्ति प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार

**विधायक महेश चौघुले ने लगाया आरोप**

### ■ स्टेम वाटर संयंत्र की सुरक्षा को लेकर उठाए सवाल



**भिवंडी.** 2 दिन पूर्व रात्रि के दौरान टेमघर स्थित स्टेम वाटर संयंत्र में हुई क्लोरीन गैस रिसाव को जन सुरक्षा की खातिर गंभीरता से लेते हुए भिवंडी भाजपा विधायक महेश प्रभाकर चौघुले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लिखितपत्र भेजकर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने ठाणे नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त (द्वितीय) प्रशांत रोडे द्वारा स्टेम वाटर डिस्ट्रीब्यूशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी लिमिटेड में 'मुख्य कार्यकारी अधिकारी' पद की नियुक्ति प्रक्रिया में खुलेआम भ्रष्टाचार किए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है.

गौरतलब हो कि, भाजपा विधायक महेश चौगुले द्वारा सीएम देवेंद्र फड़नवीस और डीसीएम एकनाथ शिंदे को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि, ठाणे मनपा अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे ने जलापूर्ति एवं स्वच्छता विभाग द्वारा 31 जुलाई, 2024 को दिए गए स्पष्ट आदेश की जानबूझकर अनदेखी की. सरकार को गलत जानकारी देकर पूरी भर्ती प्रक्रिया को गलत तरीके से पूर्ण कर अयोग्य अधिकारी को स्टेम वाटर कंपनी में लाने की साजिश की गई है. गंभीर बात यह है कि शैक्षणिक और अनुभव योग्यता पूरी नहीं करने वाले संकेत घरत की सीएमडी पद पर की गई नियुक्ति नियमों के तहत पूर्णतया गलत है. अकुशल अधिकारी की वजह से संयंत्र की सुरक्षा पर गंभीर खतरा पैदा होने से नकारा नहीं जा सकता है. 2 दिन पूर्व संयंत्र में लगी मशीनों की समुचित रखरखाव नहीं होने से क्लोरीन गैस का रिसाव होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है.

**वाटर प्लांट की सुरक्षा खतरे में !**

विधायक चौघुले का कहना है कि, सीएमडी घरत की चयन प्रक्रिया में नियम कानून को दरकिनार कर भारी भ्रष्टाचार हुआ है. आरोप है कि ठाणे नगर निगम के अधिकारियों ने अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए सरकार के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाई हैं. अकुशल अधिकारी होने से वाटर प्लांट की सुरक्षा खतरे में है .चौगुले का कहना है कि,संयंत्र की बेहतरी की खातिर स्टेम वाटर कंपनी में अवैध रूप से नियुक्त अकुशल मुख्य व्यवस्थापक पद से संकेत घरत को अविलंब हटाया जाना चाहिए.

# 'नो पीयूसी नो फ्यूल' का होगा प्रभावी क्रियान्वयन

### ■ परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए निर्देश




**ठाणे.** भावी पीढ़ी को प्रदूषण मुक्त वातावरण करने के लिए, वर्तमान पीढ़ी को स्वयं पर कुछ पर्यावरणीय प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रत्येक वाहन को दिया जाने वाला प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) वैध होना चाहिए। अवैध प्रमाणपत्रों के निर्माण का सिलसिला पूरी तरह से बंद हो, इसलिए भविष्य में प्रत्येक पेट्रोल पंप पर 'नो पीयूसी नो फ्यूल' पहल अनिवार्य रूप से लागू की जाए, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने निर्देश दिए हैं। इस संबंध में, परिवहन मंत्री परिवहन आयुक्त कार्यालय में आयोजित एक बैठक में बोल रहे थे। इस बैठक में परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार, संयुक्त सचिव (परिवहन) राजेंद्र होलकर,ठाणे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगी पाटील सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।मंत्री सरनाईक ने कहा कि राज्य के प्रत्येक पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने आने वाले प्रत्येक वाहन के वाहन क्रमांक की सीसीटीवी कैमरे के आधार पर जाँच (स्कैनिंग) की जाएगी। ताकि उसके माध्यम से संबंधित वाहन के प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र की वैधता का पता चल सके। यदि उस वाहन का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र वैध नहीं है, तो उस वाहन को ईंधन नहीं दिया जाएगा। हालाँकि, उसी पेट्रोल पंप पर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र को तुरंत वापस लेने की व्यवस्था भी की जाएगी। ताकि वाहन चालक को कोई असुविधा न हो। इस प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र की एक विशिष्ट पहचान (यूआईडी) होगी। इसलिए, समय-समय पर प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र की वैधता की जाँच की जा सकेगी।

**प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र जारी करने की व्यवस्था**

भविष्य में, वाहन बेचने वाले शोरूम और वाहनों की मरम्मत करने वाले गैरेज में भी प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र जारी करने की व्यवस्था की जाएगी। ताकि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक वाहन के पास वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र हो। जिससे प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यह भी सुझाव दिया कि परिवहन विभाग को वर्तमान में अवैध रूप से प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र जारी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए एक बड़ी कार्रवाई शुरू करनी चाहिए। इसके साथ ही, परिवहन मंत्री सरनाईक ने बैठक में परिवहन विभाग कार्यालय में अग्नि पूर्व चेतावनी प्रणाली की स्थापना, परिवहन भवन के निर्माण आदि की भी समीक्षा की।

# टाटा पावर ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग हब खोला




**मुंबई.** टाटा पावर और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने जानकारी दी है कि कंपनी ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 के पास शहर का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग हब खोला है. कंपनी ने इस चार्जिंग स्टेशन को स्थापित करके मुंबई की दैनिक गतिविधियों में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. कंपनी की यह फेसेलिटी लीला मुंबई होटल परिसर में स्थापित किया गया है, और खास बात यह है कि यह 24/7 चालू रहता है.

कंपनी ने बताया कि इस चार्जिंग हब में आठ तेज़ डीसी चार्जर लगाए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक का आउटपुट 120 किलोवाट है, जिससे एक साथ 16 वाहन चार्ज हो सकते हैं. ऐसे बाज़ार में जहां ज़्यादातर सार्वजनिक चार्जर अभी भी मॉल या कार्यालय परिसर के अंदर एक या दो बे में ही लगे हुए हैं, कंपनी द्वारा स्थापित यह चार्जिंग स्टेशन मायने रखता है. चार्जिंग प्वाइंट्स की संख्या ज्यादा होने से कार मालिकों को कम इंतजार करना होगा. टाटा पावर के सीईओ और एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा कि 'रणनीतिक रूप से स्थित और पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित, इस नए चार्जिंग हब का उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार इलेक्ट्रिक वाहन बुनियादी ढांचे के लिए एक स्टैंडर्ड स्थापित करना है.'

# SST महाविद्यालय की सीडबॉल मोदक पहल मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने की प्रशंसा






**उल्हासनगर.** गणेशोत्सव के अवसर पर एसएसटी महाविद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले एकाक्षरा गणेश उत्सव का विशेष आकर्षण बने सीडबॉल मोदक इस वर्ष भी चर्चा का केंद्र बने रहे। इस वर्ष लगभग 3000 सीडबॉल मोदक वितरित किए गए और इस पहल की उल्हासनगर महानगरपालिका की आयुक्त मनीषा आव्हाळे ने विशेष सराहना की। उपायुक्त अजय साबळे ने भी एनएसएस स्वयंसेवकों और ग्रीन क्लब के विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

इस अनोखी पहल के अंतर्गत बप्पा के दर्शन के लिए आने वाले भक्तों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों, बैंकों और शासकीय कार्यालयों में भी सीडबॉल मोदक वितरित किए गए। हाल ही में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन और उल्हासनगर महानगरपालिका में भी यह उपक्रम आयोजित किया गया।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले इन मोदकों में विभिन्न वृक्षों के बीज समाहित किए गए हैं। इसके चलते विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित हो रही है, ऐसा महापालिका अधिकारियों ने कहा।

इस उपक्रम के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के ठाणे जिला समन्वयक एवं महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. जीवन विचारे के मार्गदर्शन में ग्रीन क्लब समन्वयक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. नम्रता सिंह, प्रो. स्नेहा गुप्ता और प्रो. मयूर माथुर ने विद्यार्थियों का नेतृत्व किया। एसएसटी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी की संकल्पना से यह पहल शुरू की गई थी। इसकी सराहना विभिन्नस्तरो पर की जा रही है।

## बदलापुर से शेगांव तथा अक्कलकोट के बीच बस सेवा की मांग

**बदलापुर.** बदलापुर से श्री संत गजानन महाराज शेगांव और बदलापुर से ही स्वामी समर्थ तीर्थ स्थल अक्कलकोट तक शिवशाही बस सेवा सप्ताह में एक बार शुरू करने के की मांग राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) ने की है. महाराष्ट्र प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) के महासचिव अविनाश देशमुख के अनुसार उक्त मांग को लेकर उन्होंने पूर्व गृह निर्माण मंत्री डॉ

## कोस्टल रोड पर तेज रफ्तार कार ने दो पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी

### ■ हेड कांस्टेबल की मौत

**मुंबई.** कोस्टल रोड पर तेज रफ्तार कार ने दो पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी, जिसमें 52 साल एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई और एक महिला पुलिसकर्मी घायल हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह 7.53 बजे हुई जब दोनों पुलिसकर्मी बांद्रा-वर्ली सी लिंक और कोस्टल रोड को जोड़ने वाले एक कनेक्टर पर बंदोबस्त ड्यूटी पर थे। उन्होंने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने दोनों पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां हेड कांस्टेबल दत्तात्रेय कुंभार की मौत हो गई, जबकि कांस्टेबल रिद्धि पाटिल का इलाज चल रहा है।

## राजेश शर्मा भिवंडी शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी नियुक्त

**भिवंडी.** 2017 में भिवंडी निजामपुर शहर महापालिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बहुमत दिलाने वाले कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रमुख, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा को भिवंडी शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रभारी नियुक्त कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने एक बार फिर राजेश शर्मा पर मनपा चुनाव में जीत का भरोसा जताया है.प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेश शर्मा 2017 में हुए भिवंडी मनपा चुनाव में चुनाव प्रमुख थे. मनपा के 90 में से 47 कांग्रेसी नगरसेवकों को निर्वाचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.भिवंडी शहर में उत्तर भारतीय समुदाय के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने राजेश शर्मा पर विश्वास दिखाते हुए जिला प्रभारी के रूप में नियुक्त किया है ताकि आगामी भिवंडी मनपा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रचंड जीत हासिल कर पताका फहरा सके.प्रभारी शर्मा की नियुक्ति पर जिलाध्यक्ष एड रशीद ताहिर मोमिन,पूर्व सांसद और प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश टावरे, रानी अग्रवाल, लघु उद्योग विकास महामंडल पूर्व अध्यक्ष मो.तारिक फारूकी, प्रदेश कांग्रेस महासचिव डा. नूरुद्दीन अंसारी,प्रदीप राका, मो.आबिद खान,केएम सोहेल खान, अशोक पाटिल, अशोक कुमार फड़तरे सहित भिवंडी ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दयानंद चोरघे सहित तमाम वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने खुशी प्रकट करते हुए नवनियुक्त प्रभारी शर्मा का अभिनंदन किया है.


पगड़ी



बड़े ही दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती अनिता घनश्यामदास बठीजा**
का निधन बुधवार 10 सितंबर 2025 को हो गया है।
उनकी पगड़ी रस्म
**शुक्रवार 12 सितंबर 2025 को शाम 5 से 5 .30 बजे तक**
धर्मदास दरबार, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-3 में रखी गई है।
सेवा में :-
पिंटो बठिजा (पुत्र)
बठिजा, वासवानी व शाहदादपुरी परिवार व बिरादरी.


# 'बिग बॉस' में सलमान की सुरक्षा और सख्त

### ■ भाईजान की मौजूदगी में ऑडियंस को एंट्री नहीं
### ■ शो से जुड़े सभी कर्मचारियों का बैकग्राउंड चेक जरूरी



बिग बॉस के मेकर्स ने एक्टर सलमान खान को मिली धमकियों के चलते सिक्योरिटी को लेकर सेट पर कई सख्त कदम उठाए गए हैं। एंडेमोल शाइन इंडिया के सीईओ और बिग बॉस के प्रोड्यूसर ऋषि नेगी ने स्क्रीन से बातचीत में बताया कि अब सेट पर लाइव ऑडियंस की एंट्री बंद कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमारे पास करीब 600 लोग वर्कफोर्स में हैं। यह लोग 3 शिफ्ट में 24 घंटे काम करते हैं। इनमें महिलाओं की भी अच्छी हिस्सेदारी है। कंटेंट सुरक्षा और ग्राउंड लॉजिस्टिक पर कोई समझौता नहीं किया जाता। दोनों ही हमारी पहली प्राथमिकता हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले ढाई साल से हमने सलमान खान की सुरक्षा और भी मजबूत की है। अब शो में जब वह मौजूद होते हैं तो लाइव ऑडियंस की अनुमति नहीं होती। इसके अलावा जो भी लोग शो से जुड़े हैं, चाहे स्थायी हों, अस्थायी हों या वेंडर, सबके बैकग्राउंड की जांच की जाती है।

ऋषि नेगी ने साफ किया कि शो की पूरी टीम के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय हैं और हर स्तर पर सुरक्षा को सबसे ऊपर रखा गया है। बताते चलें कि सलमान खान को पिछले कुछ समय से लॉरेंस गैंग की धमकियां मिल रही हैं, यही वजह है कि वो कड़ी सिक्योरिटी में रहते हैं।

**सलमान को Y+ कैटेगरी की सुरक्षा**

2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से Y+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 PSO भी शामिल होते हैं।
सलमान की गाड़ी के आगे और पीछे एस्कॉर्ट करने के लिए दो गाड़ियां हमेशा रहती हैं। इसके साथ-साथ सलमान की गाड़ी भी पूरी तरह बुलेटप्रूफ है।

# 'राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम' स्वास्थ्य का कवच बना!

### ■ सैकड़ों बच्चों को नया जीवन



**ठाणे.** स्वस्थ बचपन ही उज्ज्वल भविष्य बनाता है के आदर्श वाक्य के साथ कार्यरत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने ठाणे जिले के सैकड़ों बच्चों को नया जीवन दिया है। पिछले पाँच वर्षों में ही 697 बच्चों की निःशुल्क हृदय शल्य चिकित्सा और 4,682 बच्चों की अन्य बीमारियों के लिए शल्य चिकित्सा की गई है।

आँगनवाड़ियों से लेकर स्कूलों तक, स्वास्थ्य जाँच और गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क उपचार-शल्य चिकित्सा ने कई परिवारों के जीवन में आशा की एक नई किरण जगाई है।अप्रैल 2025 से अब तक राज्य के मान्यता प्राप्त अस्पतालों में 33 बच्चों की निःशुल्क हृदय शल्य चिकित्सा की जा चुकी है। इसके अलावा, ज़िला और उप-ज़िला अस्पतालों में शिविरों के माध्यम से हर्निया, फिमोसिस, चर्बी की गांठ, चिपकी हुई उँगलियाँ, जीभ का बंधाव, कटे होंठ-तालु और भेंगापन जैसी बीमारियों के लिए 307 बच्चों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया है। उनका आगे का मेडिकल फॉलो-अप जारी है और कई बच्चों के लिए स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।पिछले 5 वर्षों में, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 697 बच्चों की हृदय शल्य चिकित्सा और 4682 बच्चों की अन्य बीमारियों की शल्य चिकित्सा पूरी तरह निःशुल्क की गई है। उल्लेखनीय है कि ठाणे के जिला सामान्य अस्पताल में आयोजित एक विशेष शिविर में प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय ओक के मार्गदर्शन में एक ही दिन में 100 बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया गया, जैसा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम पर्यवेक्षक विनोद जोशी ने बताया।जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार के मार्गदर्शन में, ठाणे जिले में 32 टीमें लगातार आँगनवाड़ियों और स्कूलों का दौरा कर बच्चों की जाँच, उपचार और सर्जरी के बाद उनका फॉलो-अप कर रही हैं। प्रत्येक टीम में पुरुष और महिला चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट और सहायक नर्स शामिल हैं, और उनके समर्पित प्रयास कई बच्चों के जीवन में आशा की एक नई किरण जला रहे हैं।


Staff Required
SINDHI MALE



Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475



पगड़ी



बड़े ही दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती निर्मला अरविंद कुमार व्यास**
(व्यास महाराज की माताजी)
का निधन मंगलवार 9 सितंबर 2025 को हो गया है।
**उनकी पगड़ी रस्म गुरुवार 11 सितंबर 2025 को**
शाम 5 से 5 .30 बजे तक
**निजधाम आश्रम, गांधी रोड, उल्हासनगर-5 में रखी गई है।**
जनाना-मर्दाना एक ही स्थान पर होगी।
**सेवा में-** जनक व सनत (पुत्र), आदित्य व नवीन (पौत्र)
व्यास, कुकानी, विसा एवं जोशी परिवार व बिरादरी।
**फोन :-** 7276787990 / 8446489399



उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099